Schedule XLII-High Court (J) 19[old (M)164]

अनुमन्डल न्यायालय–असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि) बनमनखी, पूर्णियाँ, बिहार

समक्ष– सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा)

स्वत्व वाद सं.– 327/1998 सी.आई.एस.क्र.– 327/1998

देवनारायण राय बनाम मसोमात उत्तम देवी एवं अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
20.09.2025	वादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजरी है। प्रतिवादीगण की कोई पैरवी नहीं है। यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 28.11.2024 एवं 18.09.2024 पर सुनवाई एवं आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त दोनो आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया है कि वादी की ओर से दिनांक 08.02.2024 एवं दिनांक 28.11.2024 को दस्तावेज की सूची के साथ खाता – 86, खाता – 87, 88, 89, 90, 91 तथा खाता सं0 – 317 का मूल खतियान, विक्रय पत्र क्रमांक 218, दिनांक 23.02.1961, विक्रय पत्र क्रमांक 31, दिनांक 22.09.1991 का मूल एवं दानपत्र सं0 – 54, दिनांक 05.06.1991 की प्रमाणित प्रति तथा विक्रय पत्र क्रमांक – 7738, दिनांक 04.12.1995 एवं विक्रय पत्र क्रमांक 7739, दिनांक 04.12.1995 की प्रमाणित प्रति तथा दानपत्र सं0 – 11573, दिनांक 14.12.1989, विक्रय पत्र क्रमांक – 10808, दिनांक 04.11.1957/27.12.1957, विक्रय पत्र क्रमांक – 7540, दिनांक 27.12.1958/12.01.1959 की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है जो लोक दस्तावेज की मूल प्रति एवं प्रमाणित प्रति है। अतः निवेदन है कि उक्त दस्तावेज को वादी की ओर से साक्ष्य के रूप में प्रदर्श अंकित करने की कृपा की जाये। पुकार पर प्रतिवादी की ओर से सुनवाई हेतु कोई उपस्थित नहीं हुआ। वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है कि वादी द्वारा क्रमशः दिनांक 08.02.2024 एवं दिनांक 28.11.2024 को उपरोक्त दस्तावेज दस्तावेज की सूची के साथ प्रस्तुत किया गया है जो लोक दस्तावेज एवं लोक दस्तावेज की प्रमाणित प्रति है तथा 30 वर्ष पुरानी दस्तावेज है। अतः न्यायहित में वादी के दोनो आवेदन को **स्वीकृत** कर उपरोक्त दस्तावेज को क्रमशः **प्रदर्श – 1/ए, 1/बी, 1/सी, 2/ए, 2/बी, 3/ए, 4/ए, 4/बी, 3/बी, 4/सी एवं 4/डी** अंकित किये जाने का आदेश दिया जाता है। वाद आगामी दिनांक 24.09.2025 वास्ते वादी बहस। हस्ताक्षर ह0/– अ.सै.न्यायाधीश वरीय कोटि बनमनखी, पूर्णियाँ	